Headline: Retail interest from north India is increasing	
Source: Punjab Kesari, Chandigarh	**Date:** 1 July 2016

सेबी की ओर से चंडीगढ़ प्रैस क्लब में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

'उत्तर भारत में रिटेल के प्रति बढ़ रहा रुझान'

प्रैस क्लब में कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते अधिकारी। ....राणा

चंडीगढ़, 30 जून (आशीष): नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एन.एस.ई.) ने बाजार नियामक सेबी, सिटीजन अवेयरनैस ग्रुप और चंडीगढ़ प्रैस क्लब के साथ मिल वीरवार को क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका विषय था वित्तीय शिक्षा के माध्यम से वित्तीय समावेश था। कार्यक्रम लोगों को वित्तीय बाजार के लाभों के विषय में शिक्षित कराने और संपदा वृद्धि के अवसरों से परिचित कराने के लिए आयोजित किया गया था। सेबी के निदेशक अमित प्रधान ने निष्पक्ष कारोबार और वित्तीय बाजार की निगरानी में सेबी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाजार ने नियामक ने अपनी भूमिका बढ़ाते हुए अब कमोडिटी बाजार की निगरानी करना भी शुरू कर दिया है। एन.एस.ई. के सीनियर ए.वी.पी.ए. राणा उस्मान भी कार्यक्रम में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि भारत पूंजी बाजार में उत्तर भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पंजाब और हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई राज्यों की पूंजी बाजार में प्रभावशाली भागीदारी है और इन राज्यों से ई.टी.एफ. जैसे नए वित्तीय उत्पादों में भी अच्छी भागीदारी देखने को मिल रही है। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को सूर्यकांत शर्मा और रेनु भंडारी ने भी संबोधित किया। उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि निवेशकों को मैंबर ब्रोकर से साथ कुछ अनिवार्य एवं स्वैच्छिक दस्तावेजों का क्रियान्वन करना चाहिए। इस मौके पर चंडीगढ़ प्रैस क्लब के प्रैजीडैंट जसवंत सिंह राणा भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।